तापमान

अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 5 मई, 2025

11 2 करोड़ से पूरे हुए विकास कार्य का किया लोकार्पण

12 डीसी बोले- समय-समय पर करते रहें रक्तदान

खबर संक्षेप

मौसम रहेगा परिवर्तनशील तापमान में आएगी गिरावट

सोनीपत। प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 7 मई तक पश्चिमी विक्षोभ के दो आंशिक प्रभावों के चलते सोनीपत सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान उत्तरपूर्वी हवाएं चलने की संभावना है, वहीं आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। साथ ही, क्षेत्र में हल्की से मध्यम गति की हवाएं चल सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 7 मई तक कहीं-कहीं बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की भी संभावना है। इस बदलते मौसम से विशेष रूप से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

पुलिस की रेड, दो सट्टेबाज फरार, दो को पकड़े

गोहाना। विष्णु नगर में एक मकान में चार लोग आइपीएल मैच के दौरान सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने रेड की तो दो लोग फरार हो गए और दो को काबू किया गया। पुलिस ने मौके से 13 मोबाइल, लैपटाप, दो एलईडी, रजिस्टर बरामद किए। हवलदार संजीत पुलिस टीम सूचना के आधार पर विष्णु नगर में हंसराज के मकान में तीसरी मंजिल पर पहुंची तो चार युवक सट्टा खेलते मिले। दो युवक छत के रास्ते भाग गए। मौके पर विष्णु नगर के रमन और मूल रूप से गांव गामड़ी व हाल में बलराज नगर के पवन को गिरफ्तार किया। फतेहाबाद का यश और गोहाना का हरीश सौदी फरार हो गए।

ट्रेन में मोबाइल चोरी, खाते से निकाले 21 हजार रुपये

सोनीपत। दादर एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी कर खाते से 21 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के गांव मझाली निवासी मनीष शर्मा ने अंबाला राजकीय रेलवे पुलिस को बताया कि वह 2 मई को ग्वालियर रेलवे स्टेशन से अंबाला कैंट के लिए दादर एक्सप्रेस में सवार हुए थे। जब वह सोनीपत में यात्रा कर रहे थे। जब वह सोनीपत स्टेशन के पास पहुंचे तो उनका मोबाइल चोरी कर लिया गया। जब वह अंबाला छावनी पहुंचे तो एटीएम पर खाते से रुपये निकलवाने गए। वहां पर पता लगा कि उनके खाते से 21 हजार रुपये चोरी कर लिए गए है। उन्होंने अंबाला जीआरपी को अवगत कराया।

एटीएम कार्ड बदलकर 19 हजार निकाले

गन्नौर। जीटी रोड स्थित एक बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर ठग 19 हजार रुपये निकाल ले गए। पुलिस को शिकायत में राजलू गढ़ी निवासी योगेंद्र ने बताया कि उसने 3 मई को जीटी रोडभारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से 8 हजार रुपये निकाले थे। इस दौरान एटीएम पर दो लड़के खड़े थे। उन्होंने बातों में उलझा कर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसके खाते से दो बार में 19 हजार रुपये निकाल लिए।

आढ़ती पर डंडों, लोहे की रॉड के हमला

गोहाना। सोनीपत रोड स्थित सब्जी मंडी में आढ़ती पर डंडों, लोहे की राड, धारदार हथियार (गंडासी) से हमला कर दिया। आरोपितों ने उसे तब तक पीटा जब तक वह बेहोश नहीं हो गए। शहर थाना में मंडी के अध्यक्ष समेत आठ पर केस दर्ज किया गया। जींद के गांव सरफाबाद के देवदत्त इस समय गोहाना में उत्तम नगर में रहते हैं और नई सब्जी मंडी गोहाना में किराये पर दुकान चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह और उसका पार्टनर नरेंद्र दुकान पर जा रहे थे। नरेंद्र उगाही के लिए चला गया और वह दुकान 48 की तरफ जा रहा था। इस दौरान दुकानदार उमेद ने उसका रास्ता रोक लिया। उसी समय दो गाड़ियों में मंडी का अध्यक्ष जयदीप कुंड, प्रयास कादयान, राहुल खासा, सुनील, कपिल, सोनू और दो अन्य व्यकित आए और उस पर हमला कर दिया।

जिलेभर में नीट की प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए थे 6 परीक्षा केंद्र परीक्षा

2 हजार 365 ने दी परीक्षा, 72 अनुपस्थित रहे एक केंद्र पर चार्ज नहीं मिली बायोमेट्रिक मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नीट यूजी 2025 के लिये राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा संचालित इस परीक्षा के लिये जिले भर में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिन पर 2365 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, हालांकि 2437 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने पहुंचना था। परीक्षा में 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं एक परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक मशीन की वजह से जांच काफी धीमी रही, क्योंकि मशीन चार्ज नहीं थी। चार्जिंग पर लगाने के बाद ही मशीन का उपयोग किया जा सका। इसी वजह से जांच की गति धीमी रही।

राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा को लेकर जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। केंद्रों पर सुबह 11 से शाम 6 बजे तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू की गई थी। केंद्रों पर सुरक्षा के मध्यनजर 200 मीटर के दायरे, विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय परिसर में आग्नेयास्त्रों, तलवारों, गंडासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर जाने पर पाबंदी रही। मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उस समय हड़बड़ी मच गई। जब परीक्षार्थियों की जांच के लिये बायोमेट्रिक मशीन को निकाला गया। यहां पर पता चला कि मशीन चार्ज ही नहीं थी। ऐसे में आनन फानन में मशीन को चार्जिंग पर लगाया गया।

चार्जिंग पर लगे होने के कारण मशीन काफी धीमी गति से काम कर रही थी, जिसकी वजह से यहां पर परीक्षार्थियों की जांच का समय काफी धीमा रहा। केंद्र के बाहर करीब 10 मिनट तक अभ्यर्थियों खड़े होकर उन्हें केंद्र में भेजने का इंतजार करते रहे।

सोनीपत। परीक्षा केंद्र के बाहर इकट्ठा परीक्षार्थी।

सोनीपत। परीक्षा केंद्र में जाते परीक्षार्थी।

11 बजे पहुंचना शुरू हो गए थे परीक्षार्थी

सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थी जुटना शुरू हो गए थे। सभी केंद्रों पर एक चरण में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। सभी परीक्षा केंद्रों पर नीट की परीक्षा को लेकर आने वाले अभ्यर्थियों को दो चरणों बायोमेट्रिक सत्यापन व दस्तावेज की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। केंद्रों के बाहर जुटी परीक्षार्थियों की भीड़ अपनी बारी का इंतजार करते हुए लाइन में लगी रही। सभी केंद्रों पर जांच के अलावा सीसीटीवी, बायोमेट्रिक सिस्टम व जैमर लगाए गए थे। जांच में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से अधिकृत एजेंसी भी शामिल की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर जांच व सुरक्षा को लेकर अधीक्षक के अलावा पुरुष व महिला कर्मियों की नियुक्ति की गई थी। साथ ही पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

समय से पहले नहीं दिया गया प्रवेश

जिले भर में बनाए गए 6 परीक्षा केंद्रों में से अधिकतर परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी सुबह 11 बजे ही पहुंच चुके थे, लेकिन समय से पहले किसी को केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। ऐसे में परीक्षार्थी केंद्रों के बाहर गर्मी में खड़े होकर प्रवेश का इंतजार करते हुए गर्मी में तपते रहे। करीब 1 बजे अभ्यर्थियों को केंद्र के अंदर भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। एक-एक परीक्षार्थी को पहले गेट पर जांच के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। गेट पर ही उनके सामान व आभूषणों को उतरवा दिया गया। इस बीच कुछ परीक्षार्थी अपनी प्यास बुझाने के लिए साथ लाए बोतलों से पानी पीते दिखे। इसके बाद कुछ अभ्यर्थियों के साथ आए अभिभावक उनके बाहर आने का इंतजार करते रहे।

यहां बनाए थे केंद्र

शहर के मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन स्थित राजकीय माडल संस्कृति स्कूल के अलावा मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गांव मुरथल के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव बारोटा के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व गांव नाहरा में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में नीट की परीक्षा को लेकर केंद्र बनाया गया।

मुसीबत बने लावारिस पशु बुजुर्ग को गोवंश ने उठाकर पटका, सिर फटा

- बुजुर्ग को सिर में कई टांके लगे, हाथ और पैर में भी चोट
- शहर में बढ़ रहे पशुओं के हमले से दहशत में लोग
- लोगों की मांग, पशुओं को पकड़ गोशाला भेजे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के नगरपालिका रोड पर अपनी दुकान जा रहे बुजुर्ग को बेसहारा गोवंश ने अचानक उठा कर बुरी तरह से पटक दिया। इस हमले से बुजुर्ग के सिर फट गया और उनके हाथ व पैर में चोटें आई हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। अशोक नगर के रहने वाले रमेश खन्ना शनिवार को नगरपालिका रोड स्थित अपनी दुकान पर जा रहे थे। जब वह दुकान के पास पहुंचे तो वहां शांत खड़े एक गोवंश ने उन्हें अचानक उठा कर जमीन पर पटक दिया। जिससे रमेश खन्ना हवा में उछल कर सीधे नीचे गिरे। इस हमले के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आस-पड़ोस के लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल ले कर पहुंचे। इस हादसे में रमेश खन्ना का सिर फट गया और उन्हें आठ टांके आए।

प्रधानावास चौक पर भी दुकानदार को मारी टक्कर

गन्नौर गांव के प्रधानवास चौक स्थित लाजू दी हट्टी दुकान के संचालक विकास अपनी दुकान के बाहर खड़े थे। इस दौरान एक गोवंश ने अचानक उन पर भी हमला कर दिया। गोवंश ने उन्हें उठा कर दुकान के स्लैब पर पटक दिया। जिससे उनकी छाती, हाथ व पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

गन्नौर। बेसहारा गोवंश के पटकने से घायल हुए रमेश खन्ना।

कौन ले सुध

गोवंश का आतंक प्रशासन मौन

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में बसाहारा गोवंशो का आतंक है। हर रोज उनके द्वारा किए जा रहे हमलों के मामले सामने आ रहे हैं। अब लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। बार-बार शिकायतें करने पर भी प्रशासन मौन है और जन प्रतिनिधि भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे, इससे लोगों में रोष है। लोगों ने कहा कि विधायक को इस मामले में त्वरित संज्ञान लेकर प्रशासन को बेसहारा गोवंशो को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छुड़वाने के निर्देश देने चाहिए। जिससे इस तरह के हादसे दोबारा न हों और लोग भी सुरक्षित अपने घरों से बाहर निकल सकें।

युवक दिल्ली से कार में लाया 16 ग्राम हेरोइन, पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम ने नाइट डोमिनेशन के दौरान कुंडली के पास से कार सवार युवक को 16.55 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान ओल्ड डीसी रोड सोनीपत निवासी लव उर्फ प्रिंस के रूप में हुई है। आरोपित दिल्ली से हेरोइन तस्करी कर लाया था। सीआईए सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पंवार ने बताया कि उनकी टीम में शामिल एएसआई संदीप कुमार साथी कर्मियों के साथ नाइट डोमिनेशन के दौरान गश्त पर थे। पुलिस को सूचना मिली कि कार सवार युवक दिल्ली से तस्करी कर हेरोइन लेकर आएगा। जिस पर पर टीम ने नाकाबंदी कर दी। तड़के दिल्ली की तरफ से आ रही कार को शक के आधार पर रोका गया। कार चालक ने अपनी पहचान लव उर्फ प्रिंस के रूप में दी। पुलिस ने औषधि नियंत्रक अधिकारी मुंशी राम के सामने तलाशी में युवक की पाजामी की जेब से 16.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित ने शुरुआती पूछताछ में हेरोइन को दिल्ली से लेकर आने के बाद सोनीपत में बेचता था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

आरोपित के साथ पुलिस टीम।

ईसी के गलत सदस्य नामित करने का आरोप, कमेटी बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीचिंग यूनियन डीक्रूटा द्वारा कुलपति पर लगाए गए आरोपों की सरकार द्वारा जांच कमेटी गठित की गई, जांच में कमेटी द्वारा डीक्रूटा के आरोप सही पाए गए। डीक्रूटा ने कुलपति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिर्वसिटी एक्ट की अवहेलना करते हुए कुलपति ने राज्यपाल कार्यालय को गुमराह करते हुए ईसी के गलत सदस्य बनाने की रिकमंडेशन दी। कुलपति की रिकमंडेशन को देखते हुए राज्यपाल ने ईसी के सदस्य को नामित कर दिया। डीक्रूटा ने ईसी के गलत सदस्य बनाने में राज्यपाल व हरियाणा सरकार को दखलदांजी करने की गुहार लगाई। डीक्रूटा की गुहार पर राज्यपाल व हरियाणा सरकार ने जांच कमेटी गठित कर दी। जांच कमेटी ने सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पाया कि यूनिर्वसिटी के कुलपति ने ईसी मेंबरों को यूनिर्वसिटी एक्ट के ईसी सदस्यों को नामित करने से संबंधित क्लाज -2 की अवहेलना करते हुए नामों की सिफारिश की गई है। हरियाणा सरकार ने पत्र द्वारा कुलपति को निर्देश जारी किए हैं कि यूनिर्वसिटी एक्ट के सभी क्लाज को ध्यान में रखते हुए पालना की जाए। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 17 मार्च जारी की गई हिदायतों के उपरांत भी सरकार की जांच में गलत पाए गए ईसी के मेंबरों से ही दिनांक 25 मार्च को ईसी अगली मीटिंग करा ली गई। जिसके बाद यूनिर्वसिटी के 200 से अधिक टीचिंग व नान टीचिंग के सदस्यों ने दोबारा हस्ताक्षर करके राज्यपाल महोदय व हरियाणा सरकार को दखलदांजी करने की गुहार लगाई है।

मुरथल में साझे की दीवार को लेकर झगड़ा बुजुर्ग की जान गई, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव मुरथल में झगड़े के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में हत्या किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। झगड़ा साझे की दीवार को लेकर हुआ था। हालांकि अभी तक मामले को लेकर शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। गांव मुरथल निवासी फेरू (76) का पड़ोस के युवक संग साझे की दीवार को लेकर झगड़ा हो गया। परिजनों का आरोप है कि पहले भी इस दीवार को लेकर कई बार झगड़ा हो गया है। इसे लेकर कई बार परिवार के सदस्यों को मारने की धमकी मिल चुकी है। फेरू की पत्नी का कहना है कि रविवार देर शाम को फिर से दीवार को लेकर पड़ोस के युवक व उसके परिजनों संग झगड़ा हो गया था। झगड़े में उनके पति पर हमला कर दिया गया। जिससे वह गिर गए और उनकी मौत हो गई। उन्होंने उन्हें अस्पताल में पहुंचाया और मौत की सूचना पुलिस को दी है। सूचना के बाद एसआई ब्रजपाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है।पुलिस का कहना है कि परिजन हत्या किए जाने की बात कह रहे हैं। हालांकि पुलिस की जांच में बुजुर्ग के शरीर पर ऊपरी तौर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है।

मृतक फेरू का फाइल फोटो

सोनीपत। अस्पताल में कागजी कार्यवाही करते पुलिस कर्मी।

खेवड़ा केंद्रीय विद्यालय के अभिभावक अध्यापक संघ ने लगाए आरोप

तपती धूप में टिन शेड में पढ़ने को मजबूर 373 बच्चे

- अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में 6 टिन शेड के कमरे हैं, जहां बच्चों को पढ़ाया जा रहा है
- विद्यालय को 6 साल में भी अपना भवन नहीं मिल पाया इसका खामियाजा मासूम बच्चे भुगत रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के खेवड़ा स्थित केंद्रीय विद्यालय के अभिभावक अध्यापक संघ के बैनर तले सोनीपत रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें संघ ने केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। पत्रकार वार्ता में संदीप चाहर ने बताया कि स्कूल में 6 टिन शेड के कमरे हैं, जिसमें 373 बच्चे तपती गर्मी में पढ़ने को मजबूर हैं। विद्यालय में अव्यवस्थाओं का माहौल है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय को 6 साल में भी अपना भवन नही मिल पाया, जिसके कारण 373 बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जुलाई 2019 से शुरू हुए इस विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय के मानकों के अनुसार स्पोन्सरिंग अथॉरिटी सीआरपीऍफ़ को अस्थायी तौर पर कम से कम 15 कमरों की व्यवस्था विद्यालय को करके देनी थी, सीआरपीएफ ने शुरुआत में झोपड़ीनुमा, टिन शेड के 17 कमरे विद्यालय को उपलब्ध करवाए। साल दर साल विद्यालय अपग्रेड होता गया और 2024 में विद्यालय दसवीं कक्षा तक हो गया। पिछले अकादमिक वर्ष में विद्यालय के 6 कमरों को छोड़कर बाकी सभी कमरों को कंडम घोषित कर दिया गया, जिसके कारण छात्रों को स्कूल न आने का फरमान मिला और कई महीनो तक छात्र ऑनलाइन क्लास के द्वारा अपनी पढाई करनी पड़ी। अभिभावकों ने जब स्कूल प्रशासन को विद्यालय में बच्चो को बुलाने को कहा तो पिछले वर्ष अक्टूबर से विद्यालय को दो शिफ्ट में शुरू किया गया। जिसमें पहली से पांचवी को सुबह वही छटी से दसवीं को दूसरी शिफ़्ट में बुलाया गया जो अभी तक वही व्यवस्था है। अभिभावकों को आ रही परेशानी के कारण अभिभावक संघ ने 5 अप्रैल को डीआईजी सीआरपीएफ व प्रिंसिपल से मिले और व्यवस्था से अवगत कराया गया। इस मौके पर विधालय प्रबंधन कमेटी के विनोद मोरवाल के अलावा अभिभावक अध्यापक संघ की उपाध्यक्षा रिम्पी देवी, सचिव बृजेश कुमार एवं अन्य अभिभावकों ने अपने विचार रखे।

सोनीपत। रेस्ट हाउस में पत्रकारवार्ता के उपरांत अभिभावक अध्यापक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

परीक्षित ने एशियन बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीता

सोनीपत। पदक विजेता परीक्षित का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जॉर्डन में एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप जोकि 17 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक आयोजित हुई थी। इसमें सोनीपत के परीक्षित बल्हारा ने अंडर 15 कैटेगरी में खेलते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। परीक्षित के सोनीपत स्थित बॉक्सिंग अकेडमी में पहुंचने पर स्वागत किया गया। हरिओम कौशिक ने स्वागत के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी जरूरी है। खेलों से शरीर का विकास होता है। इस मौके पर कोच रविंद्र सिंह, विकास कौशिक, सूरत सिंह बल्हारा एवं अन्य मौजूद रहे।

ब्रह्म सरोवर

कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर में स्थित ब्रह्म सरोवर एक प्राचीन और पवित्र सरोवर है। यह सरोवर हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने इसी भूमि से ब्रह्मांड की रचना की थी। सूर्यग्रहण के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लाखों लोग ब्रह्मसरोवर में स्नान करते हैं। कई एकड़ में फैला हुआ यह तीर्थ वर्तमान में बहुत सुन्दर एवं सुसज्जित बना दिया गया है।

पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का तीर्थ है फल्गु

धर्मस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

संसार के जिन स्थानों पर सबसे पहले मानव सभ्यता का विकास हुआ, उनमें कुरूक्षेत्र का नाम अग्रगण्य है। सरस्वती एवं दृषद्वती जैसी पवित्र नदियों की इस धरा पर वैदिक सभ्यता का उद्भव हुआ। भारतीय धर्म, दर्शन, कला, साहित्य आदि के विकास में प्रथम सृजन यहीं हुआ।

कृष्ण यजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा में कुरूक्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यों की प्रमुख जातियां भरत एवं पुरू भी इसी पावन धरा से जुड़ी रही हैं। जिनके सम्मिश्रण से कुरू नामक जाति का आविर्भाव हुआ। कुरूक्षेत्र यानि कुरूओं का क्षेत्र। इसलिए ही इसे कुरूक्षेत्र कहा गया है। वामन पुराण के अनुसार दृषद्वती नदी सरस्वती के साथ-साथ वही नदी है जिसने कुरूक्षेत्र धरा को गरिमा प्रदान की है। इस नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन (फरल) रहा है। हालांकि वर्तमान समय में दृषद्वती के बहने के मार्ग के अवशेष मात्र शेष हैं, जो फरल गांव के पूर्व दिशा में स्थित हैं। 48 कोस कुरू भूमि हरियाणा के कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जीन्द एवं पानीपत जिलों में फैली हुई है। महाभारतानुसार उत्तर-पूर्व में रंतुक यक्ष (बीड़ पीपली के पास) पश्चिम में अरंतुक यक्ष (कैथल में बेहर गांव के पास) दक्षिण-पश्चिम में रामहृद यक्ष (जिला जीन्द में रामराय के पास) एवं दक्षिण पूर्व में मचक्रुक यक्ष (जिला पानीपत में शींख के पास) का स्पष्ट वर्णन मिलता है। इस प्रकार इन चार यक्षों द्वारा रक्षित इस आयताकार 48 कोस की भूमि में 360 तीर्थों की उपस्थिति मानी जाती है। कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि प्राचीन काल में घने वनों से आच्छादित थी। वामन पुराण में कुरूक्षेत्र भूमि में स्थित सात वनों का स्पष्ट नामोल्लेख मिलता है। जैसे - काम्यक वन, अदिति वन, व्यास वन, फलकीवन, सूर्यवन वन, मधुवन तथा शीतवन। वामन पुराण के अनुसार इन पुण्यशाली वनों के नाम का उच्चारण करते ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं-

श्रृणु सप्त वनानीह कुरूक्षेत्रस्य मध्यतः।
येषां नामानि पुण्यानि सर्वपापहराणि च।
काम्यकं च वनं पुण्यं दितिवनं महत।
व्यासस्य च वनं पुण्यं फलकीवनमेव च ।

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है। महाभारत वन पर्व में तीर्थ यात्रा प्रसंग के अन्तर्गत इस तीर्थ के महत्व के विषय में स्पष्ट उल्लेख हैः

ततो गच्छेत राजेन्द्र फलकीवनमुत्तमम।
तत्र देवाः सदा राजन फलकीवनमाश्रिताः।
तपश्चरन्ति विपुल बहुवर्षसहस्रकम।

अर्थात तत्पश्चात मनुष्य को देवों द्वारा देवताओं ने हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या की। बिल्कुल ऐसा ही वामन पुराण में भी उपलब्ध होता है, जहां लिखा है कि तत्पश्चात देवता, गन्धर्व, साध्य एवं ऋषि लोगों को दिव्य निवास वाले उस फलकीवन में जाना चाहिए जहां देव, गन्धर्व, सिद्ध एवं ऋषि सदैव तपस्यारत रहते हैं।

महाभारत के अनुसार इस तीर्थ में स्नान करने एवं देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों के करने से कहीं अधिक श्रेष्ठतर फल को प्राप्त करता है। वामन पुराण में भी लिखा है कि इस तीर्थ में स्नान करने से तथा देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों से भी अधिक फल प्राप्त करता है। वामन पुराण के 36 में अध्याय के श्लोक संख्या 49 और 50 में वर्णित है-

''सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन।
यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम।।
गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणति नित्यशः।
श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।''

अर्थात ''अमावस्या (सोमक्षय) होने पर सोमवार के दिन जो मनुष्य श्राद्ध करता है, उसे बहुत अधिक पुण्य प्राप्त होता है। फल्कीवन में फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को वैसा ही तृप्त और सन्तुष्ट करता है जैसा कि गया जी में किया हुआ श्राद्ध नित्य ही पितृगण (पितरों) को प्रसन्न करता है। फलकीवन (कैथल) स्थित फल्गु तीर्थ के बारे बात करें तो सर्वप्रथम जिस बात का उल्लेख आवश्यक है वह 'श्री फल्गु ऋषि' का जिक्र है। आखिर उनके तप का ही प्रभाव है कि आज यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। उनके नाम से ही यह वन फल्कीवन हुआ। ऋषिवर इस वन में तपस्या करते थे। पुराणानुसार एवं लोक किंवदंतियों में कहा जाता है कि उनके तपस्या काल में प्रसिद्ध गया जी तीर्थ बिहार पर गयासुर का राज्य था। गयासुर की यह प्रतिज्ञा थी कि जो उसे युद्ध में पराजित कर देगा उसके साथ वह अपनी तीनों पुत्रियों का विवाह करेगा। उस समय फल्गु तीर्थ यानी फलकी वन में फल्गु ऋषि तपस्या कर रहे थे। गयासुर से त्रस्त लोगों और देवताओं के अनुरोध से जब उन्हें गयासुर की प्रतिज्ञा का पता चला तो गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ समझकर वहां गए और शास्त्रार्थ में गयासुर को पराजित करके उसकी तीनों कन्याओं के साथ विवाह कर लिया एवं गृहस्थी बने। दहेज में गयासुर ने गया जी में पितृतृप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यों में मिलने वाले फल का वर भी दिया।

इस पावन तीर्थ पर फल्गु ऋषि के मन्दिर के अलावा भी कई सुन्दर मन्दिर हैं। यहां सरोवर के घाट के पास अष्टकोण आधार पर निर्मित 17वीं शताब्दी की मुगल शैली में बना शिव मन्दिर है जो लगभग 30 फुट ऊंचा है। यहां स्थित सरोवर की लम्बाई 800 फुट और चौड़ाई 300 फुट है। मुगल शैली में एक और शिव मन्दिर है जो लगभग 20 फुट ऊंचा है तथा आकार में वर्गाकार है। वर्ग की एक भुजा 9 फुट 6 इंच है। यहीं एक अन्य मन्दिर जो राधा-कृष्ण का भी है जो नागर शैली में बना हुआ है। इसका शिखर शंकु आकार का है। इन सभी उपरोक्त वर्णित मन्दिरों में निर्माण के दौरान लाखोरी ईंटों का इस्तेमाल किया गया है एवं परवर्ती काल में इनका जीर्णोद्धार आधुनिक ईंटों के द्वारा किया गया है। घाट के पास ही एक अत्यन्त प्राचीन वट वृक्ष है जिसे लोग श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। हाल ही में फल्गु तीर्थ के बीच एक नए मंदिर का निर्माण भी जन सामान्य ने सहयोग और आस्था से किया है। इसके अतिरिक्त फरल से ही कुछ तीर्थ और जुड़े हैं। जैसे गांव फरल से 2 किलोमीटर के सम्पर्क मार्ग द्वारा पणिश्वर तीर्थ पर पहुंचा जा सकता है। यह तीर्थ पवन पुत्र हनुमान से संबंधित है; जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट भी है। महाभारत में इस नाम से किसी तीर्थ का वर्णन प्राप्त नहीं होता, परन्तु महाभारत के अनुशासन पर्व के दसवें अध्याय में पाणिखात के नाम से एक तीर्थ उल्लेख है जिसके बारे में धारणा है कि वही पाणिखात पणिश्वर है। इस तीर्थ में स्नान करने के पुण्य के विषय में कहा गया है कि यहां स्नान करने से मनुष्य को एक हजार गाय दान करने के समान फल मिलता है। आगे कहा गया है कि जो मनुष्य पणिश्वर तीर्थ में पितृ-तर्पण करता है वह राजसूर्य यज्ञ के फल का उपयोग करता है। इस तीर्थ पर वर्तमान में हनुमान जी का भव्य मंदिर है जिसमें बजरंगबली की सुंदर प्रतिमा है। निःसंकोच कहा जा सकता है कि –

'तीर्थं स्तरन्ति प्रवतो महीरीति, यज्ञकृतः सुकृतो येन यन्ति।'

मनुष्य तीर्थों के सहारे बड़ी से बड़ी विपत्तियों से तर जाता है। बड़े से बड़े पाप तीर्थ सेवन से समाप्त हो जाते हैं और तीर्थ स्थान करने वाला महान यज्ञ करने वालों के रास्ते से ही स्वर्ग जाता है।

श्री फल्क ऋषि मंदिर

फरल में स्थित फल्गु तीर्थ

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है।

कविता **राजपाल सिंह गुलिया**

एक डीलर आग्या रै

एक डीलर आग्या रै , एक डीलर आग्या रै .
म्हारे घेर म्हँ साँझ नै , एक डीलर आग्या रै .
एक डीलर एक डीलर , एक डीलर आग्या रै .

बीच गली म्हँ एक गाड़ी नै , होरण तेज बजाया .
लाम्बी गाड़ी देख बारणै , बाबू भी हर्षाया .
न्यू बोल्या वो बाबू तैं मैं , ऑफर बढ़िया ल्याया .
उसने बाबू के कान म्हँ , कील्ले का रेट बताया
फेर भा सुण कै न बाबू कै , भी जी सा आग्या रै ...

न्यू बोल्या वो इस खेवट का, नम्बर खास नहीं सै .
रेट भतेरे बढ़ लिए ईब , आगै आस नहीं सै .
दवा बहम की चाचा चतरू [illegible] पास नहीं सै
धोखे आलै काम क धोरै गंगादास नहीं सै .
फेर हाथ होक्के पै धर कै , कती नेम ठाग्या रै...

भा सुणकै ना मेरा बाबू , फूल्या नहीं समाया .
एक बेच कै पाँच दिवा दूँ , न्यूँ भी वो बहकाया .
टोकन मनी दे कै उसने , ब्याना तुरत लिखाया
भांग कै भाड़ै धरती दे के , भोत घणा पिछताया
फेर म्हारी इस डील म्हँ वो , कई लाख कमाग्या रै...

खेत बेच कै सबके होग्ये , नख्शे हाई - फाई ,
माणस गैल्या गाड़ी होग्यी , घर -घर वाई -फाई .
कह गुलिया इब बैरी होग्ये, खुद भाई के भाई ,
आपस का रसूख देख ल्यो , होग्या हवा - हवाई
बाबू कहता फिरै घोल कै , वोह मन्नै प्याग्या रै ...

कविता **भूपसिंह 'भारती'**

घर-घर म्ह पेड़ लगाओ

पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।
रुदन सुणो ये रो रो कहरे, ना हमनै काट बगाओ।।

धरती का सिंगार करा हम, न्यारी म्हारी माया।
मीठे मीठे फल देवां हम, देवां सीली छाया।
हरा भरा हो घर भाया, जै घर में पौधे लाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

बरखा नै हम लेकै आवां, कती करां ना टाला।
मरते-मरते इंधन देवा, सै म्हारा काम निराला।
घर-घर म्ह पेड़ लगाकै, प्रदूषण नै भगाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

पीवण नै हम पाणी देते, अन्न देते खाणे को।
ऑक्सीजन पैदा करते, जीवन नै बचाणे को।
जै चाहो सो जीणा तो, म्हारी तादाद बढ़ाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

इस दुनिया म्ह सुणलो लोगों, पेड़ ही सच्चे साथी।
हर हालत में साथ निभावै, बणकै देख हिमाती।
कह 'भारती' पौधगिरी की, मिलकै अलख जगाओ।
पर्यावरण बचाणा से तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक **फरजाना उर्फ समरु ने करीब 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया, तब अंग्रेज भी उसकी सैन्य ताकत से खतरा अनुभव करने लगे थे**

तवायफ से तख्तोताज तक पहुंची थी बेगम समरु

इतिहास **यशपाल गुलिया**

बड़ोत कस्बे के समीप कुताना गांव में पैदा होने वाली लड़की फरजाना एक विख्यात शासक बनी थी। उसने लगभग 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया तथा झाड़सा के पास एक बड़ी छावनी भी बना ली थी। बता दें कि वर्ष 1760 के आसपास फरजाना की विधवा माता गरीबी से तंग आकर दिल्ली आ गई। तब फरजाना की उम्र 8-10 वर्ष थी और उसकी माता पहले दिल्ली में तवायफ रह चुकी थी, जिसको कुताना गांव का असद खां खरीद ले गया था।

दिल्ली पहुंचकर भी वह अपने पुराने पेशे वाले स्थान पर नहीं गई। क्योंकि वह फरजाना को किसी भी सूरत में अपने पुराने पेशे में नहीं डालना चाहती थी। इसलिए दिल्ली पहुंचकर वे दोनों जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर ठहर कर भीख तक मांगने लग गई। 20-25 दिनों बाद ही बुखार से ग्रस्त होकर फरजाना की माता की मृत्यु हो गई। तब रोती बिलखती देखकर फरजाना को वहां से गुजरने वाली खानुम जान नामक तवायफ अपने साथ ले गई। जहां फरजाना की माता उसको नहीं ले जाना चाहती थी, भाग्य के करिश्मे से फरजाना वहीं चावड़ी बाजार पहुंच गई। कुछ ही वर्षों में फरजाना नाच गाने में दक्ष हो गई। तभी वर्ष 1765 में भरतपुर शासक जवाहर सिंह ने दिल्ली पर आक्रमण किया था। उसका सेनापति जनरल समरु था जो फरजाना को 5000 रुपये में खानुम जान से खरीद कर अपने साथ भरतपुर ले गया और फरजाना बेगम समरु बन गई तथा आगरा में रहने लग गई। फिर जनरल समरु ने भरतपुर की नौकरी छोड़कर दिल्ली शाही वजीर नजफ खां की नौकरी पकड़ ली। नजफ खां ने बेगम समरु को झज्जर तथा मेरठ के पास सरधना की दो जागीर प्रदान कर दी। वह मूल रूप से ऑस्ट्रीया का निवासी था जो भारत में रोजगार के लिए आया था। बेगम समरु और जनरल समरु का साथ 12-13 वर्षों तक ही रहा क्योंकि वर्ष 1778 में जनरल समरु की मृत्यु हो गई। तब दिल्ली बादशाह ने उसकी दोनों जागीरों को शासक बेगम समरु को प्रदान कर दिया। बेगम समरु ने कुशलतापूर्वक प्रशासनिक कार्यों को सम्भाला तथा झज्जर क्षेत्र पर तीन प्रशासक राय गोपीनाथ, चौधरी साहब सिंह व मजलिस राय को नियुक्त कर दिया और स्वयं सरधना में रहने लग गई। जहां उसने एक विशाल सेना गठित कर ली तथा यूरोपीय सेना अधिकारियों को नियुक्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि झज्जर बादशाह अकबर के काल से ही एक शासकीय इकाई बना रहा था जिसके तहत चार परगने झज्जर खास, बेरी-दुबलधन, दादरी तोए और मान्डौठी आते थे। लेकिन बेगम झज्जर की हाकिम केवल सात वर्षों (1778 से 1785 तक) तक ही रही। उसके बाद बादशाह ने बेगम समरु को झाड़सा-बादशाहपुर की जागीर भी दे दी। इसके तहत साढराणा तक के गांव आते थे और गुड़गांव तब तक एक गांव मात्र था। फिर बेगम इतनी शक्तिशाली हो गई कि उसने झाड़सा के पास विशाल सैनिक छावनी ही गठित कर डाली। वर्ष 1803 से दिल्ली पर अंग्रेजों का अधिकार होने पर भी बेगम समरु की दोनों जागीर सरधना व झाड़सा (गुड़गांव) ऐसे ही बनी रही।

बेगम समरु इतनी शक्तिशाली सैन्य ताकत बन गई थी कि अंग्रेजों को उससे खतरा अनुभव होने लग गया था। इसके परिणाम स्वरूप उनको भी झाड़सा से दूर एक नई छावनी बनानी पड़ी जिसको हिदायतपुर छावनी कहा जाता था। इस तरह उस ऐतिहासिक हस्ती बेगम समरु ने वर्ष 1836 तक शासन किया तथा जनवरी 1836 में वह निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।

बेगम समरु का चित्र तथा उनके द्वारा सरधना में बनवाई गई चर्च जो आज भी विद्यमान है।

बेगम समरु जनवरी 1836 में निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। उसके बाद अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।

समाज को संस्कृति से जोड़ने में कला का अहम योगदान : रवि मोहन

कलाकार **ओ.पी. पाल**

हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में विभिन्न विधाओं में कलाकारों की अहम भूमिका है। ऐसे ही कलाकारों में रंगमंच के अभिनेता रवि मोहन भी शामिल है, जिन्होंने बॉलीवुड तक का सफर तय करने के बावजूद अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखते हुए समाज को सकारात्मक संदेश देने के मकसद से अपनी कला को बुलंदियों तक पहुंचाया है। साहित्यिक नाटकों, कहानियों के मंचन और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर अपनी कला के संसार को दिशा देने का प्रयास किया है। अभिनेता, थिएटर निर्देशक और रंगकर्मी रवि मोहन ने अपनी कला के सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिससे समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में कला महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

हरियाणा के लोक कलाकार रवि मोहन का जन्म 11 मई 1975 को रास बिहारी और अनीता भारद्वाज के घर में हुआ। उनके परिवार में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल तो नहीं था, लेकिन उनके पिता कभी अपनी शादी से पहले कैथल में रामलीला में किरदार करते थे। उनका परिवार 46 साल पहले सफीदों आ गया था। बकौल रवि मोहन, उनकी शिक्षा सरकारी स्कूल से हुई और कॉलेज पास आउट करने के बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास में एमए की। उसके बाद एमफिल भी की। कला के क्षेत्र में अपनी अभिरुचि के बारे में रवि मोहन ने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान उन्हें कभी-कभी मंच पर ग्रुप सॉन्ग और छोटे-छोटे अभिनय करने का सौभाग्य मिला। कॉलेज के दौरान उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मौका मिला और उनकी कला से उन्हें सम्मान मिला, क्योंकि वह कॉलेज में भी एनसीसी की क्विज कांटेस्ट, गेम सॉन्ग, फैंसी ड्रेस, नाटक, नृत्य और गाना-बजाना जैसी गतिविधि में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे। विश्वविद्यालय में वे सांस्कृतिक गतिविधियों में लोक नृत्य और नाटकों में भागीदारी करते रहे। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली और नेशनल स्कूल आफ ड्रामा फैकल्टी के विशेषज्ञों के सानिध्य में उन्होंने साल 2002 और 2003 में रंगमंच की कार्यशालाओं से प्रशिक्षण लिया और दो माह के अल्पकाल में रंगमच की बारीकियों को जाना। इससे वह रंगमंच की तरफ आकर्षित होकर रंगकर्मी के रूप में अपनी कला को आगे बढ़ाने लगे। करीब 28 वर्षों से रंगमंच से जुड़कर करीब 50 नाटकों का निर्देशन किया है, जबकि 15 नाटकों में अभिनय करने के अलावा कुछ वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी किरदार किया। उन्हें हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में बतौर निर्देशक के रूप में भी काम करने का मौका मिला। उन्होंने 2003 में राज कला मंच नामक खुद की एक नाटक एनजीओ का पंजीकरण कराया और इस मंच से अब तक 14 राष्ट्रीय नाटक उत्सव चैनल थिएटर के नाम से आयोजित किए हैं। साल 2007 से 2010 के दौरान कुछ समय वे मुंबई भी रहे।



पुरस्कार एवं सम्मान

अभिनेता एवं कलाकार रवि मोहन को वर्ष 2000 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ लोक नर्तक एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। वहीं इसी वर्ष के दौरान उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय कलर से सम्मानित किया गया। जबकि वर्ष 2007 में राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशन के लिए स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें हरियाणा में रंगमंच प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल पुरस्कार, रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों में अनुकरणीय समर्पण के लिए रोटरी वोकेशनल पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जैसे सैकड़ो पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

अभिनय से संजोया हरियाणा

अभिनेता एवं रंगकर्मी रवि मोहन ने नेशनल चैनल डीडी-1 पर एक और कहानी, डीडी-हिसार के लिए सबरंग, सोनी टीवी पर क्राइम पेट्रोल एवं जिंदगी के क्रॉस रोड के अलावा एमएक्स प्लेयर पर कैंपस डायरी, स्टेज ऐप पर मेरे यार की शादी है और ब्रॉडलाइन एरोप्लान (फेदर फिल्म) में विभिन्न किरदार निभाए हैं। उन्होंने दूसरा आदमी दूसरी औरत और एक शाम कहानियों के नाम, धीमा जहर, हरियाणा के क्रांतिवीर, मैकबेथ, नागमंडल, मारिया फरार, रेजांग-ला द लास्ट वार, अंधा युग, मैं कहानी हूं, कनुप्रिया, छाया के बिना आदमी के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न राष्ट्रीय रंगमंच समारोहों में अपनी कला से अहम योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा के जिलों के शिक्षण संस्थानों और विभिन्न ड्रामा स्कूलों में अभिनय और डिजाइनिंग के लिए विजिटिंग फैकल्टी के लिए भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

खबर संक्षेप

असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की

सोनीपत। जिला कांग्रेस भवन सोनीपत में रविवार को संविधान बचाओ अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में संविधान बचाओ अभियान सोनीपत कमेटी के चेयरमैन सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, कंविनर विधायक इंदुराज नरवाल, को-कंविनर पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, सदस्य पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक, सदस्य पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया मौजूद रहे। बैठक से पूर्व महिला कांग्रेस इकाई द्वारा असम के सीएम द्वारा की टिप्पणी का विरोध कर नारेबाजी की।अध्यक्षता करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि 7 मई को गीतांजलि गार्डन में 3:00 बजे संविधान बचाओ अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा।

सेफ इंडिया ने किया श्रमिकों का सम्मान

सोनीपत। सेफ इंडिया फाउंडेशन ने रविवार को सरस्वती शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुरथल रोड सोनीपत में 31 श्रमिकों को श्रमिक सम्मान अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान फायर ब्रिगेड कमर्चारियों, बिजली विभाग के कर्मचारियों, एंबुलेंस ड्राइवरों व सफाई कर्मचारियों को श्रमिक सम्मान अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि रहे, वहीं अध्यक्षता सरस्वती स्कूल के चेयरमेन दीपक शर्मा ने की। मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज श्रमिक दिवस के अवसर पर, हमें श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके सम्मान में एकत्र होने का अवसर

श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश दिवस मनाया

सोनीपत। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क सोनीपत में श्री गुरु अमर दास जी व श्री गुरु अंगद देव जी का पवन प्रकाश दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाई ओंकार सिंह हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले गुरद्वारा साहिब पहुंचे। उन्होंने गुरु अंगद देव जी एवं गुरु अमर दास जी के जीवन के बारे में संगत को बताया। एक बार बादशाह अकबर भी गुरु अमर दास जी के पास गोयन्दवाल गए एवं संगत के साथ पंगत में बैठकर लंगर छका और गुरु जी के विचारों से बहुत प्रभावित हुए। गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार कुलदीप सिंह ने संगत को बधाई दी। समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर बताया गया।

कार्यक्रम में विधायक मदान और मेयर मुख्यातिथि पहुंचे

दो करोड़ की लागत से पूरा किए विकास कार्यों का लोकार्पण किया

अब सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही: निखिल

गलियों को मास्टिक से पक्का किया और गढ़ी की फिरनी से खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते को सीसी से किया पक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक, मेयर एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

वार्ड नंबर 19 में रविवार को 2 करोड़ की लागत से पूरा किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिसमें गलियों को मास्टिक से पक्का किया गया है और गढ़ी की फिरनी से खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते को सीसी से पक्का किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन पहुंचे। इस दौरान नारियल तोड़कर लोकार्पण किया गया। मौके पर वरिष्ठ नागरिक गंगा राम ने नारियल तोड़कर विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद बिजेंद्र मलिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, नीरज सोनी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है उसी दिन से सोनीपत विधानसभा में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। अब नगर निगम चुनावों के पश्चात सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने कहा कि उनके मेयर बनने के बाद से नगर निगम सोनीपत क्षेत्र में विकास कार्यों को ट्रिपल इंजन की तर्ज पर तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाया जा रहा है।

ये रहे उपस्थित

इस मौके पर शशिकांत भारद्वाज, जेपी वर्मा, विक्की चौहान, देवेश बल, अतुल गौतम, संदीप मलिक, महेंद्र सिंह, वेदपाल, वीरेंद्र नैन, सतपाल कटारिया, सुरेंद्र पांचाल, आजाद सरपंच, सुनील, सोनू सुहाग, काला तिहाड़, अमरजीत, जिले सिंह, अनूप, सुरेंद्र बाल्यान, उमेद सिंह, बलराम, शमशेर, महावीर जोगी, राणा बहादुर, शशि, संजीव बाजवान, गंगा राम, सुरेश, सुरेंद्र, कृष्ण कांत, अंग्रेज, ओम प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने दूषित तालाबों की सफाई करवाने की मांग उठाई

■ भारतीय किसान संघ की यज्ञ श्रृंखला में गांव जागसी में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना। हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां देते संघ के प्रतिनिधि और ग्रामीण।

भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में रविवार को गांव जागसी में किसान कल्याण यज्ञ करवाया गया। यज्ञ सम्पन्न होने के उपरांत ग्रामीणों ने गांव में दूषित हो चुके तालाबों की सफाई करवाने और कच्ची नहर को चालू करवाने की मांग की। भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की समृद्धि के लिए गांवों में यज्ञ करवाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में संघ द्वारा गांव जागसी में यज्ञ करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की जिला सोनीपत इकाई के महासचिव नीरज शर्मा धनाना ने की। संयोजन सह सचिव विकास बुटाना का रहा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने गांव में दूषित हो चुके तालाबों की साफ-सफाई करवाने और गांव में कच्ची नहर को चालू करवाने की मांग की। किसान संघ के प्रतिनिधयों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी इन मांगों को प्रशासन तक पहुंचाकर पूरा करवाया जाएगा। सरपंच आजाद, सरपंच सुरेंद्र, सरपंच सत्यवान, एडवोकेट शीतल, धर्म सिंह राठी, जगबीर, दिलबाग और प्रेम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सोनीपत। समागम के दौरान संगत के समक्ष कीर्तन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

समागम में संगत को किया निहाल

सोनीपत। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सेक्टर 15 में रविवार को चौपाहरा का समागम हुआ। दोपहर 12 से 4:00 बजे तक समागम हुआ। जिसमें भारी संख्या में संगत ने शिरकत की। बीबी परमजीत कौर द्वारा जपजी साहिब सुखमणि साहिब के पाठ श्रवण कराए गए। तत्पश्चात कीर्तन का गायन किया गया। इस समागम में प्रीतम सिंह नारंग का विशेष सहयोग रहा। गुरुद्वारा साहब के महासचिव परमजीत सिंह ने कहा संगत को गुरबाणी से जोड़ने का यह बहुत बड़ा प्रयास है। अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह सोढ़ी ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहब की वाणी ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत है। मनोज कालड़ा, अमरीक सिंह मौजूद रहे।

संगठन ने 21 पौधे लगाकर ट्री गार्डों में संरक्षित किया

गोहाना। समाज कल्याण संगठन ने रविवार को सोनीपत रोड स्थित न्यायालय परिसर में जामुन, पिलखन, पालम खीरा, नीम और पपड़ी के 21 पौधे रोपकर ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की कटाई-छंटाई करके दीमकरोधी दवाई डाली गई। पौधारोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा पिछले करीब डेढ़ दशक से सप्ताह के हर रविवार को शहर में सडक़ों के किनारे खाली जगह और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाता है। मनोज , डॉ. बिजेंद्र , बलजीत का सहयोग रहा।

दिल्ली एनसीआर के बुद्धिजीवियों ने किया डॉ. देशवाल का अभिनन्दन

■ बुके, स्मृति चिन्ह और सुप्रीम कोर्ट की पेंटिंग देकर अभिनन्दन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महरौली कार्यक्रम के दौरान डॉ. संतराम देशवाल को सम्मानित करते हुए।

महरौली स्थित शस्त्र सीमा बल के मुख्यालय के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में दिल्ली एनसीआर के बुद्धिजीवियों ने पद्मश्री-2025 मिलने की खुशी में डॉ. सन्तराम देशवाल का बुके, स्मृति चिन्ह और सुप्रीम कोर्ट की पेंटिंग देकर अभिनन्दन किया। उन्हें देशवाल खाप के महासचिव कप्तान सिंह देशवाल, सुरेश देशवाल और नाहर सिंह देशवाल ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। साथ ही, उनकी पत्नी डॉ. राजकला देशवाल, पुत्रों उदित देशवाल, गोपेन्द्र देशवाल, पुत्रवधु दीपिका देशवाल और पौत्रियों देवांगना तथा तारांगना को भी पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस भव्य अभिनन्दन समारोह की अध्यक्षता पूर्व आईएएस अधिकारी ओम सिंह देशवाल ने की। आयोजन का कुशल संयोजन एवं संचालन सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र देशवाल ने किया तथा विशिष्ट सान्निध्य शस्त्र सीमा बल के कमांडर विजयेन्द्र जागलान और आईआरएस अधिकारी मनोज धनखड़ का रहा।

रोहणा के आर्य समाज मंदिर में इंडोर जिम की शुरुआत

युवाओं को नशे से बचाने और उन्हें खेलों से जोड़ना उद्देश्य

■ विधायक पवन खरखौदा ने जिम का उद्घाटन बुजुर्ग के हाथों करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खरखौदा। फीता काटकर जिम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

युवाओं को नशे से बचाने और उन्हें खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से गांव रोहणा के आर्य समाज मंदिर में रविवार को इंडोर जिम की शुरुआत की गई। विधायक पवन खरखौदा ने जिम का उद्घाटन बुजुर्ग के हाथों कराया। उन्होंने इस कदम को नशा मुक्त हरियाणा अभियान की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना। विधायक ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए स्वस्थ विकल्प देना जरूरी है और जिम जैसी सुविधाएं युवाओं को व्यायाम और फिटनेस की ओर आकर्षित करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पहले ही कई गांवों में व्यायामशालाएं और ओपन जिम शुरू की जा चुकी है। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को व्यायाम की आदत डालें और नशे से दूर रखने के लिए परिवारिक स्तर पर जागरूकता फैलाएं। उपस्थित लोगों ने जिम की शुरुआत का स्वागत किया और इसे गांव के युवाओं के लिए लाभकारी कदम बताया।

ये रहे मौजूद

इंडोर जिम के शुभारंभ के मौके पर जिला परिषद के सदस्य मंजीत भोला, ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, चेयरमैन सतेंद्र दहिया, महेंद्र साध व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जरनेटर की व्यवस्था सही रखें, रिजर्व डीजल का स्टॉक भी जरूरी : राजीव जैन

■ पानी में मिट्टी आने की शिकायत की जांच करने पहुंचे थे मेयर राजीव जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में पीने के पानी में मिट्टी आने की शिकायत के चलते नगर निगम मेयर राजीव जैन ने जाजल स्थित रैनीवेल का दौरा किया और सारी व्यवस्थाओं को जाचने के बाद नगर निगम अधिकारियों तथा रैनीवेल का संचालन एवं रखरखाव करने वाले पेयजल कर्मचारियों को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए। राजीव जैन ने बताया कि कर्मचारी बिजली जाने की दशा में जरनेटरो की व्यवस्था सही ढंग से रखें और रिजर्व डीजल का स्टॉक भी रखें। ताकि विशेषकर बरसात के दिनों में पानी की समस्या ना हो। राजीव जैन ने मुरथल स्थित जलघर का भी दौरा किया और पाया कि सातों डीप ट्यूबवेल चलने की हालत में हो गये है ।राजीव जैन ने 10 दिन पूर्व निरीक्षण किया तो उस समय केवल दो ही ट्यूबवेल चलने की हालत में थे, उन्होंने बाकी ट्यूबवेलों की खामियां दूर कर सातो ट्यूबवेलों चलाने की हालत में रखने के निर्देश दिये थे। राजीव जैन ने बताया कि गर्मी के दिनों में जाजल स्थित जलघर में पानी की कमी हो जाती है तो शहर की आपूर्ति मुरथल के ट्यूबवेलों से ही की जाती है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को तीन माह के लिए जनरेटर व्यवस्था उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये ताकि बिजली जाने पर पेयजल की आपूर्ति ठप्प न हो। मेयर ने मुरथल स्थित जलघर को गांव की बिजली की बजाए 24 घंटे वाली हॉट लाईन से जोड़ने के बारे में उतरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों से भी चर्चा की।

गोहाना। एमडीएच कंपनी बोर्ड सदस्य प्रेम कुमार, उनकी धर्मपत्नी व अन्य।

कंपनी शेड-यज्ञशाला का निर्माण करवाएगी

गोहाना। देश की प्रसिद्ध मसाला कंपनी एमडीएच के संस्थापक धर्मपाल गुलाटी की स्मृति में गांव ठसका स्थित गोशाला में गांयों के लिए एक शेड और यज्ञशाला का निर्माण करवाया जाएगा। रविवार को कंपनी के बोर्ड सदस्य प्रेम कुमार अरोड़ा अपनी धर्मपत्नी एवं योगेश कुमार विक्रय प्रबंधक, हरियाणा के साथ ठसका स्थित श्री नंदलाला गोधाम गोशाला में पहुंचे। कंपनी की टीम ने गोशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। टीम ने गोधाम की परिक्रमा की और गोवंश के संरक्षण संबंधी सुविधाओं का जायजा लिया। गोशाला में गोवंशों की सेवा से संतुष्ट होकर कंपनी के बोर्ड सदस्य प्रेम कुमार अरोड़ा ने यहां गायों के लिए एक शेड और यज्ञशाला का निर्माण करवाने की घोषणा की। इसका पूरा खर्च कंपनी ग्रुप द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर गोशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एसएन गुप्ता, चेयरमैन विकास जैन, संरक्षक सुमेर जैन, एडवोकेट सुमित मित्तल, बृजमोहन गर्ग, चंद्रप्रकाश, सुनील गर्ग मौजूद रहे।

मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप : 108 का जांचा स्वास्थ्य, 5 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शंभूदयाल स्कूल में आयोजित स्वारस्थ्य जांच शिविर में रक्दाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए।

सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ़ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भण्डार द्वारा रविवार को शम्भूदयाल स्कूल में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। लगातार 26वें शिविर में 108 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ पाया। वहीं 5 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज गोयल, डॉ. रॉबिन जरनल फिजिशियन, हड्डियों के डॉ. प्रवेश मुदगिल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. कलिका, डॉ. अभिमन्यु कुमार ने मरीजों की जांच की। इस दौरान 108 मरीजों के बीएमडी टेस्ट, शुगर बीपी, ईसीजी व स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. राजेश सिंघल, त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा 14 मरीजों का इलाज किया गया।

श्रद्धांजलि | कवियों ने कविताओं से आतंकवाद पर बोला हमला

बाल भारती विद्यापीठ में काव्यांजलि के रूप में शोक सभा आयोजित की

शोक सभा: पहलगाम में आतंकी हमले में मारे निर्दोष पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना। आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों की आत्मिक शांति की कामना करते हुए अतिथि व आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की गोहाना इकाई द्वारा रविवार को गोहाना में बरोदा रोड स्थित बाल भारती विद्यापीठ में काव्यांजलि के रूप में शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कवियों ने कविताओं के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता संस्कार भारती के संरक्षक हरिश्चंद्र कर्नाटक एवं बाल भारती विद्यापीठ के प्रबंध निदेशक हरि प्रकाश गौड़ ने की। संयोजन संस्कार भारती गोहाना इकाई अध्यक्ष संतलाल रोहिल्ला व इकाई मंत्री अजय वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी अरुण बड़ौक और सुल्तान सैनी रहे। विशेष आमंत्रित अतिथियों में लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) रामकुमार, डेंटल सर्जन डॉ. राकेश रोहिल्ला एवं रेडियोलॉजिस्ट डॉ. जयकरण लठवाल थे। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सहायक विपिन गोयल थे। मुख्य वक्तव्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख घनश्याम और इकाई सदस्य राजीव पराशर का रहा। विशेष सहयोग प्राचार्य सुमन कौशिक, वीरेंद्र वर्मा, कुलदीप सैनी, जरंग गुप्ता, अशोक अरोड़ा, विक्रम सैनी, दीपक कश्यप, हिमांशु पवार, जितेंद्र धीमान, मनोज जाले, कुलदीप चहल आदि का रहा।

ये रहे मौजूद

भाजपा नेता बलराम कौशिक, डॉ. अनिल सैनी, भूपेंद्र मुद्धिल, कुलदीप कौशिक, बंसीराम गौड़, सुरेंद्र विश्वास, प्रिंस जुनेजा, शशिकांत गोयल, संजय गर्ग, संजीव जुनेजा, रविन्द्र गर्ग व राहुल गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खरखौदा। फ्री जल सेवा का उद्घाटन करते विधायक कृष्णा गहलावत।

निःशुल्क टैंकर जल सेवा का शुभारंभ

खरखौदा। क्रांतिकारी पर्वतारोही स्व. नीतीश दहिया फाउंडेशन समाज सेवा के क्षेत्र अहम भूमिका निभा रहा है। फाउंडेशन ने रविवार को निःशुल्क टैंकर जलसेवा की शुरुआत भी की है। इसके अलावा गांव मटिंडू के पूर्व सरपंच राकेश दहिया के पिता पहलवान रघबीर दहिया के नाम पर फार्म हाऊस का भी उद्घघाटन किया गया। बता दें कि पर्वतारोही नीतीश दहिया सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे और जिन्होंने आगे चलकर पर्वतारोहण के क्षेत्र मे अनेक रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। अब पिछले 3 साल से क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों और सामाजिक विभूतियों द्वारा क्रांतिकारी पर्वतारोही नीतीश दहिया फ्राउंडेशन की शुरुआत की है। निःशुल्क जलसेवा टैंकर और फार्म हाऊस का उद्घघाटन विधायक पवन खरखौदा, राई विधायक कृष्णा गहलावत, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया के पति राजबीर दहिया मौजूद रहे।

खरखौदा को स्वच्छ बनाने के लिए चलाया अभियान

खरखौदा। शहर को स्वच्छ बनाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की दिशा में विधायक पवन खरखौदा ने अनुकरणीय पहल की है। रविवार को उन्होंने खुद झाड़ू उठाकर पुराने तहसील परिसर में सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस प्रतीकात्मक सफाई के जरिए उन्होंने सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी निभा रहे विभागों को स्पष्ट चेतावनी भी दी कि अब लापरवाही नहीं चलेगी। विधायक ने कहा कि केवल योजनाएं बनाना काफी नहीं, उन्हें धरातल पर उतारना जरूरी है। प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सफाई के लिए जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि अब हर गली और हर मोहल्ले में स्वच्छता की अलख जगाई जाएगी और स्वच्छता अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका के कर्मियों के साथ कई पालिका पार्षदों, सामाजिक संगठन और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

सोनीपत। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए अतिथि, साथ में फाउंडेशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

महलाना रोड पर शिविर 35 ने किया रक्तदान

सोनीपत। जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा महलाना रोड पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमल कुमारी ने शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान कमल कुमारी ने कहा कि हर युवा को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि रक्तदाताओं को इस का लाभ ही मिलता है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मनोज शामडी, एडवोकेट दीपक, रविंद्र हुड्डा, अरुण मलिक, संदीप कुंडू, हिमांशु, संदीप, हरिओम, अमित, नवदीप, जतिन, मनोज, रविंद्र, मोनू उपस्थित रहे।

गोहाना। पौधों के आसपास उगी हुई घास को उखाड़ते समिति के सदस्य।

समिति ने चलाया सफाई अभियान, उखाड़ी घास

गोहाना। ग्राम सुधार समिति, खन्दराई द्वारा रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में समिति के सदस्यों ने गांव खन्दराई स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बाहर उगी हुई कांग्रेस घास को उखाड़ा। समिति द्वारा पिछले कुछ सालों से गांव को साफ-सुथरा व हरा-भरा रखने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र खन्दराई के नेतृत्व में समिति की टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के आसपास उगी हुई कांग्रेस घास को उखाड़ा और उप स्वास्थ्य केंद्र के बाहर पौधों की निराई-गुड़ाई के साथ बढ़ी हुई टहनियों की कटाई की गई। इस सेवा में समिति सदस्य कुलदीप मेहरा और बिजेंद्र सिंह उर्फ फौजी ने विशेष सेवा दी।

गोमाताओं को चारा, गुड़ व दलिया खिलाया

सोनीपत। कामी रोड पर स्थित गोशाला में रविवार को गोभक्त विकास, दिलबाग सिंह ने गऊवंश की सेवा की। सर्वप्रथम बीमार गौमाताओं के बाड़े में गोबर उठाया, झाड़ू लगाया, पानी पिलाया, शाम का चारा निकाला, गौमाताओं की कमर पर खुर्रा फेरा तथा हरा चारा डाला। इस दौरान अपित सिंह, गीता हिंदी अध्यापिका, सेवा ट्रस्ट के प्रधान सुरेश वत्स, राजू राजपूत, संजय, क्षितिज उपस्थित रहे।

नगर निगम में होगी वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक, मेयर करेंगे अध्यक्षता

फाइनेंस कमेटी की बैठक आज, 26.75 करोड़ के विकास कार्यों पर होगा मंथन

- 20 विकास कार्यों पर होगी चर्चा, मंजूरी मिलने के बाद शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक सोमवार को प्रस्तावित है। बैठक में 20 विकास कार्यों को लेकर मंथन किया जाना है, जिन पर कुल 26.75 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। इसमें 1.47 करोड़ रुपये की 5000 स्ट्रीट लाइट खरीदने का प्रस्ताव भी शामिल किया गया है। इन स्ट्रीट लाइटों को शहर भर में लगाया जाएगा। बैठक में जिन विकास कार्यों को मंजूर किया जाएगा। उसके बाद नगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। टेंडर आवंटित होने के बाद धरातल पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

एजेंडा में 60.53 लाख से सरदारों वाली गली के निर्माण का प्रस्ताव शामिल किया गया है। वार्ड नंबर 5 में ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व चावला कॉलोनी में सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए 1.14 करोड़ रुपये व राजीव कॉलोनी में 1.25 करोड़ रुपये, हेम नगर व खन्ना कॉलोनी में 1.63 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है। मीट मार्केट के नवीनीकरण के लिए 66.13 लाख रुपये प्रस्ताव रखा गया है।

मयूर विहार एक्सटेंशन कॉलोनी में सीवर लाइन डालने के लिए 55.4 लाख रुपये व इंडियन कॉलोनी में 1.07 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल किया है। ब्रह्म नगर व विशाल नगर में सीवर लाइन बदलने के लिए 99.47 लाख रुपये का प्रस्ताव, शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बूस्टिंग स्टेशनों व सीवर डिस्पोजलों की मरम्मत के लिए 67.12 लाख रुये का प्रस्ताव रखा है। विकास नगर , शाम नगर व मालवीय नगर में सीवर लाइन डालने को लेकर 2.07 करोड़, भरतपुरी, देवनगर, इंद्रलोक, मिशन रोड व सुभाष नगर में सीवर लाइन पर 2.72 करोड़ रुपर्य खर्च करने का प्रस्ताव है। सेक्टर-23 में सड़कों के निर्माण के लिए 3.05 करोड़ का प्रस्ताव रखा है। वार्ड नंबर 12 के पार्कों में ओपन जिम व बच्चों के लिए झूले लगाने को 1.29 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है।

सोनीपत। नगर निगम सोनीपत।

पिछली बैठक में रद किए गए थे दो मुद्दे

बैठक के दौरान उन दो प्रस्ताव को रखा गया है जो 7 अप्रैल को हुई कमेटी की बैठक में स्थगित कर दिया था। इनमें गांव लिवासपुर में होने वाले तालाब सुंदरीकरण और प्रभु नगर औद्योगिक क्षेत्र में बिछाने जाने वाले इंटरलॉक ब्लॉक का बजट शामिल है। बैठक से दोनों एजेंडा शामिल करने से पहले निगम कमिश्नर हर्षित कुमार ने मौके का मुआयना किया है। इस बार उम्मीद है कि सोमवार को होने वाली कमेटी की बैठक में दोनों एजेंडा पास कर दिए जाएंगे।

रक्तदान महादान, समय-समय पर करते रहना चाहिएः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रोटरी क्लब ऑफ गनौर सेंट्रल व भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 86 यूनिट रक्त युवाओं ने रक्तदान किया। कैम्प का शुभारंभ करते हुए जैन गर्ल्स कॉलेज गनौर के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने भी रक्तदान किया और युवाओं को जागरुक करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। डॉ. मनोज ने कहा कि किसी दुर्घटना में घायल युवक की जान बचाने में हमारे द्वारा दिया गया रक्त काम आता है। इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान शिविर में रोटरी सेंट्रल के प्रधान अमित त्यागी, नवनियुक्त प्रधान पवन जिंदल, सचिव संजीव डाबरा व भारत विकास परिषद सावरकर की प्रधान मंजु शर्मा, प्रीतम आहूजा, मोनिका गुजराल, पूनम सिंघल, गुलशन, अशोक वर्मा, युद्धवीर, राजेश शर्मा, जितेंद्र तूर ने सेवा कार्य किया। क्लब प्रधान अमित त्यागी ने बताया कि क्लब समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करवाता रहता है। रक्तदान से बढ़ कर कोई सेवा कार्य नहीं है।

गन्नौर। जैन गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार रक्तदान करते हुए।

लाडो लक्ष्मी योजना लागू करवाने के लिए महिलाओं ने किया प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन करती महिलाएं साथ में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया।

सोनीपत। सरस्वती विहार में महिलाओं ने जिला पार्षद के नेतृत्व में लाडो लक्ष्मी योजना लागू ना करने पर विरोध जताया। इस दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बताया कि विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने प्रत्येक महिला को 2100 रुपये देने का वायदा किया था। लेकिन अभी तक इस योजना को लागू नहीं किया गया। 6 माह हो गए सरकार बने, लेकिन अभी तक योजना को लेकर धरातल पर कोई काम नहीं किया गया। इस अवसर पर सतीश, राजू, विमल, सुदेश, रेखा, राजबाला, सुमित्रा, संगीता, राजबाला, सुशीला, रामरति, ओमपति, प्रमिला, अनीता, बबीता, सुनीता बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

ग्राम सुधार सेवा समिति को मुख्यमंत्री कोष से ग्यारह लाख रुपये का चेक सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने सांदल खुर्द गांव में मंदिर निर्माण के लिए निमली ग्राम सुधार सेवा समिति को मुख्यमंत्री कोष से 11 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस राशि से मंदिर में जरूरी निर्माण कार्य पूरे कराए जाएंगे। विधायक ने मंदिर कमेटी को ग्रांट देने का वादा पूरा किया। समिति पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर विधायक का स्वागत किया। ग्रांट देने पर आभार जताया। विधायक कादियान ने कहा कि हलके की जनता को उनसे काफी उम्मीदें हैं। वह क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और आवागमन जैसे क्षेत्रों में प्राथमिकता से काम कराया जाएगा। लोगों के सुख-दुख में वे हमेशा साथ रहेंगे। बतौर विधायक जो भी संभव कार्य होंगे, वे कराए जाएंगे। जनता को निराश नहीं होने देंगे। इस मौके पर समिति प्रधान अशोक, बिरेंद्र, मेहताब, जितेंद्र, देवेंद्र, हेमचंद्र, सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र लाकड़ा, रणबीर, बलजीत पंडित, कृष्ण, सतपाल, नरेंद्र, बिजेंद्र पंडित, धोला प्रधान, दयाकसन और दिलबाग मौजूद रहे।

- जो भी संभव कार्य होंगे, वे कराए जाएंगे, जनता को निराश नहीं होने देंगे : देवेंद्र कादियान

गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का चेक सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

'भक्ति में शक्ति' यात्रा हिमाचल के कांगड़ा स्थित माता ज्वाला जी से ज्योत मुरथल पहुंची

- भक्ति में शक्ति यात्रा में बन रहा भक्तिमय माहौल : डॉ राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

भक्ति में शक्ति यात्रा हिमाचल के कांगड़ा स्थित माता ज्वाला जी से ज्योत मुरथल स्थित श्री राम कृष्ण साधना केंद्र पहुंची। भक्ति शक्ति यात्रा का पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता की ज्योति के दर्शन किए व पुष्प अर्पित किए। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा में सामाजिक समरसता मंच, नाथ संप्रदाय सहित अनेकों सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठनों ने हिस्सा लिया। इस भक्ति शक्ति यात्रा में संयोजक डॉ योगी अनूप नाथ ने ज्वाला मंदिर से यात्रा को शुभकामनाएं दीं। संत दयानंद सरस्वती ने बताया कि ज्योत ज्वाला जी हिमाचल के कांगड़ा से चलकर पंजाब , उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान से होती हुई 11 मई को यात्रा संयोजक डॉ योगी अनूप नाथ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के घूरेल में पशुपति नाथ मंदिर पहुंचेगी। जिला संघचालक डॉ मनोज राय ने संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा को लेकर माता के भक्तों में काफी उत्साह है। मुरथल साधना केंद्र में पहुंचने पर भक्तों में काफी उत्साह था। उन्होंने माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। मौके पर ज्ञानचंद, राजेंद्र, संजय, आनंद, सुरेंद्र, दीपक, मनीष, जिला संघचालक डॉ मनोज राय, प्रहलाद, अजय, नंदकिशोर, विजेंद्र आदि मौजूद थे।

राई। माता ज्वाला की यात्रा का पहुंचने पर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राई। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सामुदायिक सेवा कार्यक्रम में जागरूक करते हुए

स्कूल में सामुदायिक सेवा गतिविधि का आयोजन

राई। खेवड़ा स्थित जी डी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और बस चालकों को नकद निकासी फॉर्म भरने में मदद की। छात्रों ने कहा कि हम अपना समय और प्रयास देकर अपने समुदायों को मजबूत कर सकते हैं। व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक कल्याण के लिए स्वयंसेवी कार्य और सामुदायिक सेवा आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष योगेश जिंदल, प्रधानाचार्या नीरा मुद्गल और उप प्रधानाचार्या निधि जैन ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थी दूसरों और अपने समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। अध्यक्ष योगेश जिंदल ने कहा कि स्कूल में सामुदायिक सेवा गतिविधि का आयोजन, एक सकारात्मक प्रभाव डालने का एक अच्छा तरीका है। इस तरह की गतिविधियों को योजनाबद्ध ढंग से आयोजित होने से छात्रों को एक सकारात्मक अनुभव मिलेगा और वे अपने एक मजबूत भावना विकसित कर पाएंगे। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक भी मौजूद रहे।

खुलकर हंसने और खिलखिलाने में ही है सेहत का राजः डॉ. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विश्व हास्य दिवस पर रविवार को शहर के सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद पार्क में योग कक्षा आयोजित की गई। कक्षा में योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने नागरिकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। डॉ. सुरेश ने कहा कि हंसने और खिलखिलाने में स्वास्थ्य का राज छुपा हुआ है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए रोजाना खुलकर हंसें और खिलखिलाएं। हंसना केवल एक भाव नहीं है यह सेहत के लिए सबसे अच्छी दवा है। जीवन की भागदौड़, तनाव और परेशानियों के बीच एक मुस्कान ही ऐसी चीज है जो हमें अंदर से खुश और स्वस्थ बनाए रखती है। हास्य योग से पूरी दुनिया में हंसी के माध्यम से शांति, भाईचारा और सकारात्मकता फैलाई जा सकती है। सहायक योग शिक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा हंसना हृदय और फेफड़ों के लिए फायदेमंद होता है। हंसने से तनाव कम होता है। योग कक्षा में सुरेश पंवार, रणधीर राठी, मुकेश, कृष्ण, जगदीश, संतोष, सुनीता सैनी, जगमती व निर्मला सहित अन्य मौजूद रहे।

गोहाना। कक्षा हास्य योग का अभ्यास करवाते डॉ. सुरेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

आत्म-जागरूकता पर अभिभावक सहयोग गतिविधि आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मोनिका झा द्वारा कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों के लिए आत्म-जागरूकता पर अभिभावक सहयोग गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत हेड मिस्ट्रेस स्वाति बालियान के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्म-जागरूकता छात्रों के सामाजिक कौशल, शैक्षणिक प्रेरणा और कल्याण को कैसे बढ़ा सकती है।

गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को आत्म-जागरूकता विकसित करने में अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने की रणनीतियों से लैस करना था - एक आवश्यक जीवन कौशल जो भावनात्मक बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और जिम्मेदार निर्णय लेने की नींव रखता है। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या डॉ. किरण दलाल और हेडमिस्ट्रेस द्वारा अतिथि के प्रति आभार के प्रतीक के रूप में पौधे भेंट करके किया गया।

सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्या एवं अन्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

हंड्रेड न्यूट्रिशन टीम ने गनौर रॉयल टीम को 72 रनों से पराजित कर ट्राफी जीती

गन्नौर। वंडर सीमेंट कप में विजेता हंड्रेड न्यूट्रिशन टीम विजेता ट्रॉफी के साथ खुशी मनाते हुए।

गन्नौर। यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा, गन्नौर में खेले गए वंडर सीमेंट कप के फाइनल मैच में हंड्रेड न्यूट्रिशन टीम ने गनौर रॉयल टीम को 72 रनों से हराया, टॉस जीतकर ग़नौर रॉयल के कैप्टेन विन्नी ने टॉस जीतकर पहले फ़ील्डिंग का फ़ैसला किया , हंड्रेड न्यूट्रीशन की टीम बल्लेबाज़ी करते हुए 146 रन पर टीम ऑल आउट हो गई। इसी लक्ष्य का पीछा करने उतरी गनौर रॉयल की पूरी टीम 74 रन पर ऑल आउट हो गई। रणदीप पहल ने अपनी टीम के लिए चार विकेट लिए , बैट्समैन ऑफ़ द सीरीज पंकज वर्मा, बेस्ट बॉलर विन्नी और मैन ऑफ़ द सीरीज रणदीप पहल रहे। दीपक गोयल, सुरेश मास्टर व सोहित पहल ने खिलाड़ियों व विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर संदीप ग्रोवर,दीप धनखड़, विजय पहल, संजय राजपूत, सतीश जांगड़ा, रणदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

- यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा गन्नौर में खेले गए वंडर सीमेंट कप का हुआ फाइनल

गांव में है प्राचीन शिव मंदिर, पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीण गदगद

गांव धनाना अलादादपुर हुआ अब शिवनगरी धनाना

आनंद जाटायन ▶▶| गोहाना

राज्य सरकार द्वारा जिला सोनीपत के गांव धनाना अलादादपुर का नाम बदलकर शिवनगरी धनाना किया गया है। गांव में सैकड़ों वर्ष पुराना सिद्ध पीठ शिव मंदिर है, जो गांव की विशेष पहचान है। इसी कारण ग्रामीण गांव का नामकरण भगवान शिव के नाम से करवाना चाहते थे। अपनी पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीण खुशी से गदगद हैं। ग्रामीणों ने गांव के नए नामकरण को एक ऐतिहासिक कदम बताया। डॉ. राममेहर राठी, रमेश शर्मा और पं. बलबीर शास्त्री के अनुसार ग्रामीण कई वर्षों से गांव का नाम बदलवाने की मांग कर रहे थे।

अब सरकार ने ग्रामीणों की इस मांग को पूरा करते हुए गांव का नया नाम शिवनगरी धनाना किया है। लक्ष्मण खनगवाल, बलजीत और पं. हरीश ने कहा कि गांव को नया नाम मिलने से ग्रामीण बेहद खुश हैं। देर से ही सही लेकिन सरकार ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करके उनकी भावना की कद्र की है।

नीरज शर्मा, अनिरूद्ध शर्मा और रवि ने कहा कि नए नामकरण के साथ गांव को अब नई पहचान मिलेगी। बलजीत खन्ना, सुभाष सैनी, आरएसएस से राजेंद्र शर्मा, पं. मोहन, पं. देवीप्रसन्न, पं. श्रीकांत, भैया सैनी, सोमबीर सैनी और सोनू सैनी सहित अन्य ग्रामीणों ने इस संदर्भ में खुशी जाहिर की।

शिव मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र

गोहाना। गांव धनाना स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर।

गांव में सैकड़ों वर्ष पुराना सिद्ध पीठ शिव मंदिर है। यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां सावन और फाल्गुन के महीने में वर्ष में दो बार विशाल मेले लगते हैं और कुश्ती दंगल आयोजित होता है। मंदिर में मेले और कुश्ती दंगल की परम्परा को ग्रामीण पुराने समय से निभाते आ रहे हैं। मेलों में दोनों अवसरों पर दूर-दराज से भारी तादाद में श्रद्धालु मन्नतें मांगने पहुंचते हैं। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यहां सच्चे मन से मन्नत मांगता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था के चलते ही ग्रामीण गांव का नाम शिवनगरी धनाना करवाने चाहते थे।

ये दो स्थल भी हैं पुरानी पहचान

गांव में सिद्ध योगी बाबा मस्तनाथ और बाबा कालू नाथ की कुटिया ये दोनों स्थल भी गांव की पुरानी पहचान हैं। शिवनगरी धनाना में बाबा मस्तनाथ की तपोस्थली है। गांव में बाबा मस्तनाथ का एक तो पुराना डेरा है और खुडर वाले खेतों में बाबा मस्तनाथ की तपोस्थली है। इस तपोस्थली पर ग्रामीणों द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिवलिंग और उसके साथ 9 नाथों की प्रतिमाएं प्रतिष्ठत की गई हैं।

खुडर वाला तालाब भी है प्रसिद्ध

गांव में खुडर नाम से तीर्थ स्थल भी है। यहां पर एक पुराना कुआं और एक तालाब है। मान्यता है कि यहां तालाब में स्नान करने से पीलिया रोग ठीक हो जाता है। काफी लोग यहां तालाब में स्नान करने आते हैं और साथ में यहां की मिट्टी के कुछ अंश भी साथ लेकर जाते हैं।